भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1351
उत्तर देने की तारीख 14 दिसम्बर, 2022

5जी सेवाएं

1351. श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले':

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) किन-किन राज्यों में हाल ही में 5जी सेवा शुरू की गई है;
(ख) किन-किन राज्यों में उक्त सेवाओं को अगले वित्त वर्ष के दौरान शुरू करने का प्रस्ताव है; और
(ग) उन राज्यों का जिला-वार ब्यौरा क्या है जिनमें अब तक 5जी सेवा शुरू की जा चुकी है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (ग) दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने दिनांक 01.10.2022 से देश में 5जी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है और दिनांक 26.11.2022 की स्थिति के अनुसार 14 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 50 कस्बों में 5जी सेवाएं शुरू हो चुकी है। (अनुबंध)

स्पेक्ट्रम की नीलामी के लिए दिनांक 15-06-2022 के आवेदन आमंत्रित करने के नोटिस (एनआईए) और लाइसेंस की शर्तों के अनुसार रोलआउट दायित्वों को स्पेक्ट्रम आवंटन की तारीख से पांच साल की अवधि में चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाना अपेक्षित है। अनिवार्य रोलआउट दायित्वों से बाहर मोबाइल नेटवर्क का आगे विस्तार दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के तकनीकी-वाणिज्यिक विचार पर निर्भर करता है।

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा में दिनांक 14 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1351 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुबंध

दिनांक 26.11.2022 को उन कस्बों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची जहां 5जी सेवाएं शुरू हो गई हैं:-

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शहर
1	दिल्ली	दिल्ली
2	महाराष्ट्र	मुंबई
		नागपुर
		पुणे
3	पश्चिम बंगाल	कोलकाता
		सिलीगुड़ी
4	उत्तर प्रदेश	वाराणसी
		लखनऊ
5	तमिलनाडु	चेन्नई
6	कर्नाटक	बंगलोर
7	तेलंगाना	हैदराबाद
8	राजस्थान	जयपुर
9	हरियाणा	पानीपत
10	असम	गुवाहाटी
11	केरल	कोच्चि
12	बिहार	पटना
13	आंध्र प्रदेश	विशाखापट्टनम
14	गुजरात	अहमदाबाद
		गांधीनगर
		भावनगर
		मेहसाणा
		राजकोट
		सूरत
		वडोदरा
		अमरेली
		बोटाड
		जूनागढ़
		पोरबंदर
		वरावल
		हिम्मतनगर
		मोडासा
		पालनपुर

		पाटन
		भुज
		जामनगर
		खंभालिया
		मोरवी
		वाधवान
		आहवा
		भरूच
		नवसारी
		राजपिपला
		वलसाड़
		व्यारा
		आनंद
		छोटा उदयपुर
		दोहद
		गोधरा
		लुनावाड़ा
		नडियाद

*****